56.	वेणुगोपाल पुरोहित	डा. नारायण	द्वैतवेदांत	31.01.2014
57.	डी.एस. विष्णुकांत	प्रो.. वी.एस.वी.बी. चार्युलु	आगम	19.12.2013
58.	एस.एस. शिवप्रसाद शर्मा	प्रो. टी.वी. राघवाचार्युलु	आगम	20.12.2013
59.	टी. श्रीतेजा	प्रो. टी.वी. राघवाचार्युलु	आगम	23.12.2013

क्रं. सं.	शोधार्थी का नाम	मार्गदर्शक का नाम	विभाग	प्रवेश की तिथि
60.	पी. नीलकण्ठम	प्रो. टी.वी. राघवाचार्युलु	आगम	22.01.2014
61.	सौम्यरंजन प्रधान	डा. परमिता पण्डा	पुराणेतिहास	30.12.2013
62.	फणि अजय शर्मा स्वर्णा	डा. परमिता पण्डा	पुराणेतिहास	30.01.2014
63.	अर्वधुति दाश	डा. एस.एस. महापात्र	धर्मशास्त्र	19.12.2013
64.	सबिता बिस्वाल	डा. एस.एस. महापात्र	धर्मशास्त्र	26.12.2013
65.	प्रीति परमेश्वरी महंती	डा. एस.एस. महापात्र	धर्मशास्त्र	26.12.2013
66.	एस. नागेश्वर राव	डा. टी.एस.आर. नारायण	मीमांस	24.12.2013
67.	नीनू	डा. डी. ज्योति	सांख्ययोग	28.01.2014
68.	जगन्नाथ रथ	डा. निरंजन मिश्र	वेदभाष्य	24.12.2013
69.	गोविंद प्रसाद अधिकारी	डा. निरंजन मिश्र	वेदभाष्य	27.01.2014

विद्यापीठ से पीएच.डी.उपाधि प्राप्तकर्ताओं की सूची

क्रं. सं.	शोधार्थी का नाम	विभाग	मार्गदर्शक का नाम	पुरस्कार की तारीख
1.	रामबाबू झा	शिक्षाशास्त्र	प्रो. प्रह्लाद आर. जोशी	02.04.2013
2.	सूर्यप्रकाश गौतम	फलित ज्योतिष्य	डा. कृष्णेश्वर झा	04.04.2013
3.	भाग्य सिंह गुर्जर	शिक्षाशास्त्र	प्रो. रजनीकांत शुक्ला	29.05.2013
4.	के. दयानिधि	विशिष्टाद्वैत वेदांत	डा. चक्रवर्ति राघवन	17.06.2013
5.	देबब्रता बेहेरा	साहित्य	डा. चक्रवर्ति रंगनाथन	17.06.2013
6.	एक्कुर्ति वेंकटेश्वर्लु	शिक्षाशास्त्र	प्रो. मुरलीधर शर्मा	17.06.2013
7.	मदन सिंह	शिक्षाशास्त्र	प्रो. रजनीकांत शुक्ला	17.06.2013
8.	एस. कृष्ण	शिक्षाशास्त्र	डा. के. कादम्बिनी	17.06.2013
9.	वी. पावनी	साहित्य	प्रो. सीएच.पी. सत्यनारायण	18.06.2013
10.	माधवी कोमन्दुरी	साहित्य	डा. सी. रंगनाथन	27.07.2013
11.	अबिनाश गायेन	साहित्य	डा. के. राजगोपालन	27.07.2013
12.	ए. चंद्रज्योति	साहित्य	डा. के. सूर्यनारायण	27.07.2014
13.	भजहरि दास	अद्वैत वेदांत	प्रो. एम.एस. सुब्रह्मण्यशर्मा	29.07.2013
14.	बसंत कुमार महापात्र	धर्मशास्त्र	डा. राधागोविंद त्रिपाठी	29.07.2013
15.	जयवंत चौधरी	व्याकरण	प्रो. जे. रामकृष्ण	29.07.2013
16.	प्रकाशचंद्र मिश्र	पुराणेतिहास	डा. सितांसु भूषण पण्डा	29.07.2013
17.	देवन ई.एम.	न्याय	प्रो. ओ.एस. रामलाल शर्मा	19.08.2013

क्रं. सं.	शोधार्थी का नाम	विभाग	मार्गदर्शक का नाम	पुरस्कार की तारीख
18.	सत्यजित पण्डा	न्याय	प्रो. के.ई. गोविंदन	27.08.2013
19.	वेंकटरमण भट्ट	साहित्य	प्रो. जि.यस.आर. कृष्ममूर्ति	22.09.2013
20.	वीरब्राह्मण जी.	साहित्य	डा. के. राजगोपालन	22.09.2013
21.	के.ई. गोपाल देशिकन	न्याय	प्रो. ओ. श्रीरामलाल शर्मा	24.09.2013
22.	एस.के. अशर्फ अली	अद्वैत वेदान्त	डा. के. विश्वनाथ	03.10.2013
23.	आर. विट्ठोबाचार	न्याय	प्रो. ओ.एस. श्रीरामलाल शर्मा	28.10.2013
24.	बी. बालशिव कुमार	साहित्य	प्रो. सी. ललिताराणी	30.11.2013
25.	छगनलाल शर्मा	व्याकरण	प्रो. के.वि. रामकृष्णमाचार्युलु	31.11.2013
26.	एम.जी. नंदन राव	व्याकरण	प्रो. के.वि. रामकृष्णमाचार्युलु	13.12.2013
27.	रंजन कुमार दास	शिक्षाशास्त्र	डा. पी. वेंकटराव	13.12.2013
28.	श्रीधर एस.	शाब्दबोध	प्रो. आर.एल. नरसिंह शास्त्री डा. श्रीनिवास वरखेडी	17.12.2013
29.	दण्डु पद्मजा	साहित्य	डा. राणी सदाशिवमूर्ति	28.12.2013
30.	प्रियदर्शिनी मल्लुला आई.	व्याकरण	प्रो. एस. एस. मूर्ति	31.12.2013
31.	जी. राजशेखर रेड्डी	साहित्य	डा. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल	07.01.2014
32.	पसुमर्ति श्रीनु	शिक्षाशास्त्र	डा. एस. दक्षिणामूर्ति शर्मा	23.01.2014
33.	अमरेश्वर कुमार ग्रन्धि	पुराणेतिहास	डा. परमिता पण्डा	30.01.2014
34.	के. एल. पवनकुमार	द्वैत वेदांत	प्रो. नरसिंहाचार्य पुरोहित	12.02.2014
35.	डी.वी.वाई. नारायणशर्मा	अद्वैत वेदांत	प्रो. ओ.एस.आर.यल. शर्मा	17.02.2014
36.	रोट्टा गणपति राव	साहित्य	डा. एस. मुरलीधर राव	18.02.2014
37.	पालेटि नागेश्वर राव	साहित्य	प्रो. सी. ललिताराणी	21.02.2014
38.	डी. रेखा	साहित्य	प्रो. सी. ललिताराणी	21.02.2014
39.	सुनीता पात्र	साहित्य	डा. सत्यनारायण आचार्य	22.02.2014
40.	वि. कल्पना	साहित्य	प्रो. के. सूर्यनारायण	22.02.2014
41.	रामकृष्ण भट्ट के.	व्याकरण	प्रो. जे. रामकृष्ण	24.02.2014
42.	आर. गीता	व्याकरण	प्रो. जे. रामकृष्ण	24.02.2014
43.	पी. ललिता	साहित्य	डा. के. राजगोपालन	02.03.2014
44.	महाबल राव एम.जी.	साहित्य	प्रो. जी.एस.आर. कृष्णमूर्ति	02.03.2014
45.	सौम्या एम.	अद्वैत वेदांत	डा. के. गणपतिभट्ट	03.03.2014
46.	बी.वी. लक्ष्मीनारायण	शिक्षाशास्त्र	प्रो. वी. मुरलीधर शर्मा	27.03.2014
47.	के. रामानुजाचार्युलु	व्याकरण	प्रो. जे. रामकृष्ण	28.03.2014

इ-प्रकाशन

सन् 2013-14 में विद्यापीठ ने कई महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का प्रकाशन किया है, वे निम्न हैं -

ग्रन्थ का नाम	लेखक / सम्पादक	प्रधान सम्पादक
1. वाल्मीकि रामायण - सुंदर कांडा	प्रो. पी.एम. नायक प्रो. गीर्वाणी प्रो. आ.के. ठाकुर (प्रबंधन संपादक)	प्रो. एच.के. शतपथी
2. वक्रोक्ति सिद्धांत दृष्ट्या उत्तर रामचिरतस्य अध्ययनम	डॉ. वी. सूर्यप्रभ	प्रो. एच.के. शतपथी

शेमुषी - विद्यापीठ वार्ता पत्रिका

विद्यापीठ में मासिक रूप में शेमुषी नामक से पत्रिका निकाला जाता हैं। इस वार्ता पत्रिका में विद्यापीठ के समस्त समाचारों को प्रकाशित किया जाता है और उसे भारत के समस्त विश्वविद्यालय एवं गण्यमान्य व्यक्तियों तक पहुंचाया जाता है। साहित्य विभाग के सह-आचार्य डा. के. राजगोपालन् इस शेमुषी के संपादक है।

विभागीय पत्रिकायों

1. शिक्षा विभाग - शिक्षालोक
2. साहित्य विभाग - रसधुनी

ई. प्रशिक्षण

अ. उपचारात्मक अनुशिक्षण केंद्र -

उद्देश्य -

विद्यापीठ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वित्तीय सहायता के साथ अनुसूचित जातियाँ, अनुसूचित जनजातियाँ और अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए उपचारात्मक अनुशिक्षण केंद्र शैक्षणिक वर्ष 2007-2008 से आरंभ किया गया था। ये अनुशिक्षण केंद्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक श्रेणियों के लिए शिक्षण कक्षाओं का आयोजन करता है। अन्यश्रेणियों तथा जिसे शिक्षण की जरूरत होती है उन्हें भी कक्षाओं में भाग लेने की अनुमती दी जाती है। शैक्षणिक वर्ष 2013-14 के लिए अनुशिक्षण कक्षाएँ -

उपचारात्मक कोचिंग कक्षाओं को सितंबर 2013 को शुरू किया और मार्च 2014 को बंद कर दिया। कक्षाओं को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। वर्ष 2012-13 में उपचारात्मक अनुशिक्षण केंद्र द्वारा पाठ्यक्रम की पूर्ती - उपचारात्मक अनुशिक्षण केंद्र द्वारा सभी शास्त्रों - (1) आचार्य प्रथम वर्ष (2) आचार्य द्वितीय वर्ष (3) शास्त्री प्रथम वर्ष (4) शास्त्री द्वितीय वर्ष (5) शास्त्री तृतीय वर्ष (6) प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष (7) प्राक् शास्त्री द्वितीय वर्ष और (8) शिक्षा शास्त्री (बी.एड) के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्याक श्रेणियों के छात्रों के लिए कक्षाएँ आयोजित किया गया। 333 छात्रों ने इस शिक्षा से लाभान्वित हुए। 51 शिक्षकों को.शिक्षण हेतु नियुक्त किया गया। उपचारात्मक अनुशिक्षण केंद्र ने पढने की सामग्री दिया तथा समय समय पर परिक्षाएँ रखते थे।

आ. शास्त्रवारिधी अल्पकालिक पाठ्यक्रम - ज्योतिष (5.7.2013 - 5.8.2013)

दिनांक 5.7.2013 से 5.8.2013 तक उत्कृष्टता केंद्र के तहत एक महीने के लिए ज्योतिष विभाग में अल्पकालिक पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया । प्रो. राधाकांत ठाकुर पाठठ्यक्रम के समन्वयक थे । कई गणमान्य विद्वान ज्योतिर्विज्ञान में विविध विषयों पर व्याख्यान दिए । प्रो. के.आर.एस. मेनोन समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे । प्रो. एच.के. शतपथी अध्यक्ष थे । समापन समारोह में कुलपति ने प्रतिभागी छात्रों को प्रमाणपत्र दिए ।

उ. संगोष्ठियाँ/सम्मेलन/कार्यशालाएँ

अ. राष्ट्रीय संस्कृत जागरुकता कार्यक्रम -

दिनांक 27 और 28 जुलाई, 2013, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया गया ।

संस्कृत के महत्व, भारतीयसंस्कृति एवं नैतिक शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए दिनांक 27 और 28 जुलाई 2013, विद्यापीठ के परिसर मे केद्रीय विद्यालय शिक्षको केलिए द्विविवसीय राष्ट्रीय संस्कृत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहला अनुसूचित प्रस्तावित शिबिर कार्यक्रम है। पचास से अधिक शिक्षक, हैदराबाद क्षेत्र, आंध्र प्रदेश एवं एरनाकुल क्षेत्र, केरल के केंद्रीय विद्यालय तथा राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरूपति, इस शिबिर मे भाग लिए थे।

श्री डी. वेंकटेश्वर्लु, प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय 1. तिरुपति, कार्यक्रम के स्थानीय समन्वयक थे और डॉ.राणीसदाशिवमूर्ति, सह आचार्य साहित्य विभाग, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ तिरुपति कार्यक्रम के समन्वयक थे।

उद्घाटन समारोह -

उद्घाटन समारोह दिनांक 27 जुलाई 2013, 10.00 बजे राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के शेक्षणीक भवन के सेमिनार हॉल मे आयोजित किया गया था, शिबिर का आरंभ दिव्य वैदिक प्रार्थना एवं सरस्वति वंदना के साथ किया गया। महा महोपाध्याय प्रो.रव्वा श्री हरि, द्रविड विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और तितिदे प्रकाशन के वर्तमान मुख्य संपादक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, प्रो. हरेकृष्ण शतपथी, माननीय कुलपति, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ समारोह के अध्यक्ष थे। प्रो.के.आर.एस.मेनोन, विद्यापीठ के तत्कालीन कुलसचिव अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। प्रो. राधाकांत ठाकुर, शैक्षिक संकाय प्रमुख, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, ने शिबिर के उद्देश्यों का विवरण सविस्तार दिया था डॉ. राणी सदाशिव मूर्ति, कार्यक्रम समन्वयक ने इस द्विदिवसीय शिबिर कार्यक्रम का सत्र वार विवरण दिया या। मुख्य अतिथि संदेश -

अध्यक्षीय भाषण-

प्रो.हरेकृष्ण शतपथी, माननीय कुलपति, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ ने अपने अध्यक्षीय भाषण मे वर्तमान स्थिति मे संस्कृत सीखने की आवश्यकता पर बलदिया। आरंभ में उन्होने विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों के शिक्षको के लिए आयोजित संस्कृत जागरूकता शिबिरो का आयोजन का महान कार्य राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ को सौपने के प्रति मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के प्रति तहेदिल से आभार व्यक्त किया। इस संदर्भ मे उन्होने कहा कि शिक्षक ही जो समाज को एक साँचे मे ढालकर उसका उत्थान कर सकता है। एक उचित तरीके से बनाने के क्रममें एक उचित माध्यम की आवश्यकता होती है। उसके अनुसार संस्कृत सबसे उपयुक्त माध्यम है। भारतीय संस्कृति की उत्पत्ति, मूल्य आधारित शिक्षा की उत्पत्ति और मानव जीवन के सभी महान सिद्धांतो की उत्पत्ति संस्कृत है। भारतीय धर्म की उत्पत्ति भी संस्कृत है। धर्म जीवन की तरह है और यह सब सांप्रदायिक मतभेदों से परे मानवीय आचार संहिता है। धार्मिक जीवन व्यतीत करने के लिएह्न संस्कृत सीखना बहुत अच्छा है। हमारे दैनंदिन जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हमे तीन महान पुरुष बुद्धा, आदिशंकरा और स्वामी विवेकानंदा द्वारा बताये गए करुणा, ज्ञान और कर्म मार्ग को अपनाना है। ये तीनो सभी व्यक्तियां की शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक विकास और पूरे समाज के स्वस्थ वातावरण के लिएह्न आवश्यक है। यह सच है कि संस्कृत ही एक ऐसी भाषा है जो सब कुछ प्राप्त करने मे मदद कर सकता है। कुलपति के इस अत्यधिक प्रभावात्मक भाषण प्रतिभागियों पर सकारात्मक छाप छोड दिया है।

श्री वी.एस.प्रसाद, केंद्रीय विद्यालय 1, द्वारा दी गई धन्यवाद भाषण के साथ उद्घाटन सत्र समाप्त हो गया था। उद्घाटन सत्र के बाद विभिन्न शैक्षणिक सत्र जारी रखा गया। वे इस प्रकार है -

प्रारंभिक सत्र - इस सत्र मे डॉ. रानी सदाशिवमूर्ति, कार्यक्रम समन्वयक ने शिबिरके प्रतिभागियों को आधुनिक युग मे संस्कृत की संरक्षण व्यारतीय संस्कृति में, भारतीय भाषाओ, भारतीय वैज्ञानिक धरोहर और नैतिक सिद्धांतो के भारतीय तरीके की सोच पर बल दिया।

संस्कृत के पहलुओं - डॉ.वी.वी.जड्डीपाल, अनुसंधान एवं प्रकाशन विभाग, के प्रोफेसर, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ ने संस्कृत के पहलुओं पर एक उत्तेजक पावर पाइट प्रस्तुति दी।

संस्कृत प्रश्नोत्तरी - डॉ.सी.रंगनाथन, सह आचार्य, साहित्य विभाग ने प्रतिभागियों केलिए संस्कृत प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया था।

रस संध्या - यह पहले दिन की अंतिम घटना है जिसमे विविध क्षेत्रों के प्रतिभागियो ने विभिन्न प्रकार के अत्यंत मधुर संस्कृत गीत गाये थे।

योग और तनाव प्रबंधन :- राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के योग मंदिर में प्रातः काल 6.00 बजे से 8.00 बजे तक योग अभ्यास और तनाव प्रबंधन का सत्र प्रतिभागियों के लिए डा. ए. राजेंद्ररेड्डी और डा. डी. ज्योति द्वारा लिया गया था ।

समकालीन समाज में संस्कृ की प्रासंगिकता :-

सिर्फ भारत के किसी भी क्षेत्र के लिए संस्कृत सीमित नहीं हैं । यह मानव समाज के लिए प्रासंगिक है । इसके अलावा संस्कृत क्षेत्रीय भाषाई मतभेदों से परे सभी भारतीयों को एकत्रित करने का महान आंतरिक शक्ति रखती है ।

यह सभी क्षेत्रीय भाषाओं को मजबूत बना सकती है । यह अन्य सभी आधुनिक धाराओं में उनके मुख्य विषय के रूप में संस्कृत अध्ययन करनेवाले सभी लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने में बराबर क्षमता रखती है । यहाँ तक कि भारतीय संस्कृति हमेशा इस भाषा से प्रभावित है । इसके साथ अंतःक्रियात्मक सत्र का आयोजन साहित्य विभाग के सह आचार्य डा. सत्यनारायण आचार्य द्वारा किया गया ।

संस्कृत विज्ञान और प्रौद्योगिकी :- प्राचीन संस्कृत साहित्य में विभिन्न विज्ञान से संबंधित कई स्वतंत्र ग्रंथ पाये जाते हैं । क्षेत्रों के सभी शाखाओं के संग्रह जैसे गणित, खगोल विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, ध्वनिकी, पर्यावरण अध्ययन, फोनेटिक्स, जेमोलॉजी, चिकित्सा, मौसमविज्ञान वास्तुकला आदि इसमें शामिल किए गये हैं ।

प्रो. जी.एस.आर.कृष्णमूति, साहित्य विभागाध्यक्ष ने प्राचीन भारतीय विद्या के ऐसे सभी वैज्ञानिक शाखाओं से संबंधित विभिन्न अवधारणाओं का एक आकर्षक प्रस्तुति दी ।

संस्कृत एवं व्यक्तित्व विकास और प्राचीन भारतीय प्रबंधन कौशल :-

इस सत्र में डा. राणी सदाशिवमूर्ति ने व्यक्तित्वविकास के विभिन्न साहित्यिक स्रोतों और प्राचीन भारतीय प्रबंधन कौशल जो वेदो के रूप में पाये गये पुराणों, महाकाव्य, काव्य और अन्य साहित्यिक स्रोतों पर एक पवर पाइंट प्रस्तुति दी । उनका व्याख्यान स्व प्रबंधन, कार्य प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, संचारकौशल प्रत्यायोजन शक्तियों से संबंधित था ।

कुलपति तथा अन्य अतिथियों का समापन संदेश :-

माननीय कुलपति ने समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों से चाहे वे किसी भी विषय से संबंधित हो उन्हें अपने जीवन में संस्कृत को आमंत्रित करने का बहुत मूल्यवान संदेश दिया था । यह भारतीय संस्कृति की उत्थान, मूल्य आधारित शिक्षा को प्रोत्साहन, भविष्य में छात्र पीढियों को बेहतर जीवन प्रदान करने, तथा और भी प्रभावात्मक क्षेत्रीय भाषाओं के स्वयं भाषाई कौशलों द्वारा एक सुधारात्मक संस्कृत ज्ञान देने की उद्देश्य से किया गया है । अतः उन्हें लगता है कि भारतीय समाज सुसंस्कृत वातावरण का शुभ सार्वभौमिक भाइचारे का रास्ता देख रहा है । उन्होंने यह शिबिर का अंत नहीं बल्कि सभी के जीवन का शुभारंभ तथा जीवन पर्यं त आत्मसात, अहसास, अभ्यास और संचारण प्रक्रिया द्वारा संस्कृत के माध्यम से सही इंसान बनने की बात पर बल दिया ।

रुद्रय्या, केवी 1, तिरुपति के प्रभारी प्रधानाचार्य ने भारतीय संस्कृति की रक्षा हेतु, हमें संस्कृत सीखने और संस्कृत की संरक्षण पर बल दिया । उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को प्राथमिक स्तर से संस्कृत को नियमित विषय बनाने का शपथ लेने के लिए कहा ।

प्रो. के. आर.एस. मेनान, तत्कालीन कुलसचिव ने भारतीय संस्कृति को उपयोग कर फेंकने की संस्कृति नहीं माना बल्कि प्रयोग कर बढ़ाने की संस्कृति माना । मध्य युग में संस्कृत साहित्य के अधिकांश भागों को गलत समझा। इसलिए उन्होंने उनभागों को पुनः एक बार पढ़कर सही ढंग से भावी पीठी को प्रेषित करने की सुझाव दिया । आधुनिक शिक्षा तीन, आर एस - जरूरतों पर बल देता है वह है - पठन (Reading), लेखन (Writing) और गणित (Arithmetic) । संस्कृत शिक्षा और चार आर एस यानी की अधिकार, उत्तरदायित्व, संबंध और मनोरंजन के बिना

मानव जीवन व्यर्थ है ।

प्रो. राधाकांत ठाकुर, शैक्षिक संकाय प्रमुख ने आधुनिक शिक्षा को सभी समस्याओं का श्रोत तथा मानवीय रिश्तों का बाधक तत्व माना । एक आधुनिक शिक्षित व्यक्ति अपने माता पिता का आदर नहीं करता, जब कि संस्कृत शिक्षा मानवीय मूल्यों को मजबूत बनाता है । यह शिक्षा सभी मानव समस्याओं का हल करता है ।

श्रीमती पी. विजयराजेश्वरी, केवी 2, वायुसेना अकादमी, हैदराबाद ने विद्यापीठ के निर्मल परिसर में छाये हुए शांति पूर्ण वातावरण को देखकर उन्हें गुरुकुल प्रणाली का स्मरण आ गया जहाँ संस्कृत का ज्ञान दिया जाता था। इसलिए उन्हें विद्यापीठ को ''आधुनिक गुरुकुलम'' संज्ञा से वर्णन करना सब से उपयुक्त लगता है ।

वी. श्रीकृष्ण, पीआरटी, तिरुमलगिरि - इस शिबिर के माध्यम से उन्होंने हमारी भारतीय संस्कृति और मूल्यों को सीखने तथा संस्कृत सीखने की आवश्यकता को समझाने की प्रयास किया । वर्तमान में जर्मन के केंद्रीय विद्यालयों में संस्कृत को वैकल्पिक विषय बनाया है । उन्होंने कहा कि संस्कृत को नियमित भाषा बनना है, न कि एक विदेशी भाषा की जर्मन के जैसे वैकल्पिक।

इशांत नीरद, पीआरटी (संगीत) एर्नाकुलम-

संस्कृत सीखना आज की आवश्यकता है । संस्कृत हमारी भारतीय संस्कृति का आधार है । हमारी संस्कृति दुनिया के सभी संस्कृतियों से महान है । संस्कृत हमें एक नई दिशा देता है । संस्कृत हमारी सभी समस्याओं का महत्वपूर्ण समाधान है ।

आ. ''नीलाचल और सिंहाचल का एक तुलनात्मक अध्ययन - शेषाचल के विशेष संदर्भ में'' विषय पर आयोजित द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के परिसर में 2 और 3 सितंबर 2013को योगमंदिरम में उत्कल पीठ द्वारा ''नीलाचल और सिंहाचल का एक तुलनात्मक अध्ययन - शेषाचल के विशेष संदर्भ में'' विषय पर आयोजित द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजन किया गया था । डा. राधागोविंद त्रिपाठी और डा. ज्ञान रंजन पंडा संगोष्ठी के समन्वयक तथा सह समन्वयक थे ।

उद्घाटन सत्र :-

दिनांक 2.11.2013 10 बजे प्रशासनिक भवन के सभागार में उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया । यह विद्यापीठ के वेद पंडितों द्वारा किए गए वैदिकी प्रार्थना के साथ आरंभ किया गया । इस अवसर पर श्री श्री श्री बाबा सच्चिदानंद दास स्वामीजी महाराज, श्री जगन्नाथ चेतना गवेषण प्रतिष्ठानम्, पुरी के अध्यक्ष मुख्य अतिथी राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के प्रो. हरेकृष्ण शतपथी, कुलपति तथा समारोह की अध्यक्षता की । तीस से अधिक विद्वानों ने संगोष्ठी में भाग लेकर अपना शोध पत्र श्री नीलाचल,

सिंहाचल और शेषाचल क्षेत्र पर प्रस्तुत किया । डा. सत्यनारायण आचार्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया तथा डा. ज्ञानरंजन पण्डा धन्यवाद भाषण अर्पित किया था । डा. राधागोविंद त्रिपाठी उद्घाटन सत्र के संयोजक थे ।

संगोष्ठी की सत्रवार विवरण - दिनांक 2.9.2013 :-

पहला सत्र - 10.00 (उद्घाटन) दूसरा सत्र सुबह - 11.30 बजे से दुपहर 1.00 बजे

श्री रवींद्रनाथ प्रतिहारी - सत्र के अध्यक्ष : डा. निरंजन मिश्र सत्र के समन्वयक

प्रपत्र प्रस्तुतकर्ता -

श्री असिट महंती, श्री बाबा एस.दास स्वामीजी महाराज, अध्यापक सुनील रथ, श्रीरामचंद्र दास महापात्र, श्रीमती श्रद्धांजली कानूनगो, श्री रवींद्रनाथ पतिहारी ।

तीसरा सत्र : दुपहर 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे

प्रो. जी.एस.आर. कृष्णमूति - सत्र के अध्यक्ष

डा. सी. रंगनाथन - सत्र के समन्वयक

प्रपत्र प्रस्तुतकर्ता -

प्रो. सी. ललिताराणी, डा. आर.सदाशिवमूर्ति, डा. के. राजगोपालन, डा. सितांशु भूषण पंडा, डा. सोमनाथ दास, डा. सुधांशु शेखर महापात्र, डा. निरंजन मिश्र, डा. परामिता पण्डा, डा. श्वेतापद्मा शतपथी, डा. जे.बी. चक्रवर्ती, डा. भरत भूषण रथ, डा. तपन कुमार घडाई, डा. प्रदीप कुमार बाघ, श्री संतोष माझी ।

दिनांक - 03.09.2013 - चौथा सत्र - सुबह 10.00 बजे से सुबह 11.30 बजे.

डा. नरेश चंद्र दास - सत्र के अध्यक्ष, डा. अजय कुमार नंदा - सत्र के समन्वयक ।

प्रपत्र प्रस्तुतकर्ता -

श्री सूर्यनारायण महापात्र, ई.आर. बलदेव सिंहरी, श्री पूर्णचंद्र गोच्चीकर, श्री हरेकृष्ण प्रतिहारी, डा. नरेश चंद्र दास पाँचवे सत्र - सुबह 11.30 बजे से 01.00 बजे

डा. सत्यनारायण आचार्य - सत्र के अध्यक्ष, डा. भरत भूषण रथ - सत्र के समन्वयक ।

प्रपत्र प्रस्तुतकर्ता -

डा. सुरेंद्र कुमार मिश्र, डा. सिद्धेश्वर महापात्र, डा. कन्हूचरण पंडा, श्री संतोष कुमार पात्र, डा. करुणाकर प्रधान, श्री बिस्वजीत सेनापति, महंता श्री रामकृष्ण दास ।

छठवाँ सत्र - दुपहर - 02.30 पजे से शाम 04.00 बजे तक ।

डा. राणी सदाशिव मूर्ति - सत्र के अध्यक्ष, डा. श्वेत पद्मा शतपथी, सत्र की समन्वयिकाय ।

प्रपत्र प्रस्तुतकर्ता -

डा. सत्यनारायण आचार्य, डा. राधागोविंद त्रिपाठी, डा. रूरू कुमार महापात्र, डा. ज्ञानरंजन पण्डा, डा. जय प्रकाश, डा. दिलीप कुमार मिश्र, डा. अजय कुमार नंदा, के. लीना चंद्रा, डा. संतोष आचार्य, डा. विद्याधर

हरिचंदन, श्री प्रसन्न कुमार पण्डा, डा. राजश्री पाड़ी ।

नीलाचलसिंहाचलयोः ऐतिहासिकपृष्ठभूमिः, सिंहाचलमन्दिरस्य मूर्त्तितत्त्वम्, सिंहाचलमन्दिरस्य कला-स्थापत्य-भास्कर्याणि, नीलाचलसिंहाचलयोः नृसिंहोपासना, नीलाचलसिंहाचलोपासनायां श्रीरामानुजः, नीलाचलस्य शास्त्रीय-भित्तिभूमिः, सिंहाचलमन्दिरे सेवा सेवकाश्च, सिंहाचलमन्दिरे दैनिकनीतिः, सिंहाचले ओडिआ-शिलालेखः, सिंहाचलमन्दिरे उत्सवाः, सिंहाचलमन्दिरम् उत्कलीय-राजवंशाश्च, सिंहाचल-नीलाचलोपासनायां वैचित्र्यम्, सिंहाचलमन्दिरस्य शास्त्रीयभित्तिः, माहारी-सानिसम्प्रदाययोः तुलनात्मकमध्ययनम्, सिंहाचलमन्दिरं प्रति श्रीनरहरितीर्थस्य अवदानम्, नीलाचलस्य रथोत्सवः शेषाचलस्य ब्रह्मोत्सवश्च, शेषाचलस्य प्रशासनिकव्यवस्था, शेषाचलमन्दिरे रीति-नीति-उत्सवाः, शेषाचलमन्दिरस्य कला स्थापत्यञ्च, शेषाचले वैष्णवोपासना, नीलमाधवः वेङ्कटेशश्च हमारे देश के विभिन्न स्थानों से आए हुए विद्वानों ने कुछ विषयों पर तुलनात्मक विचार विमर्श तथा वाद विवाद किया था ।

समापन सत्र :

समापन सत्र का आयोजन दिनांक 03.09.2013 दोपहार में आयोजित किया गया और इस सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में श्री जगन्नाथ चेतना प्रतिष्ठान, पुरी के महासचिव श्री रवीन्द्र प्रतिहरी ने भाग लिया और दर्शकों के लिए बहुमूल्य संदेश दिया । इस समारोह के अध्यक्ष के रूप में प्रो. हरेकृष्ण शतपथी रहकर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए । उडीसा चैयर के अतिरिक्त संयोजक डा. ज्ञानरंजन पंडा ने समारोह का आयोजन किया तथा डा. राधागोविंद त्रिपाठी द्वारा धन्यवाद समर्पण किया गया ।

इ. 'आधुनिक भारत में विवेकानंद के युग' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी -

'आधुनिक भारत में विवेकानंद के युग' पर द्वि दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 23 और 24 दिसंबर 2013 को राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति के परिसर में प्रतिष्ठित आध्यात्मिक गुरु और ऋषि को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए - श्री स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के सुअवसर पर आयोजन किया गया था । डा. राणी सदाशिव मूर्ति संगोष्ठी के संजोयक थे ।

सुबह 10.00 बजे दिसंबर 23 को आयोजित उद्घाटन सत्र में रामकृष्ण मठ, कड़पा के श्री श्री अचितानंद स्वामी मुख्य अतिथि के रूप में पधारे थे । रामकृष्ण समिति, तिरुपति के अध्यक्ष प्रो. पी.वी. रेड्डी ने गौरव अतिथि का स्थान ग्रहण किया राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति के कुलपति प्रो. हरेकृष्ण शतपथी इस समारोह के अध्यक्ष थे। राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति के शैक्षिक संकाय प्रमुख, प्रो. राधाकान्त ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत किया।

देश के विभिन्न कोनों से 50 से अधिक विद्वानों ने भाग लिया और स्वामी विवेकानंद के जीवन इतिहास और

दर्शन पर अपने लेख प्रस्तुत किए और ''विवेकानंद के अमूल्य उपदेशों के माध्यम से युवा के राष्ट्रीय चरित्र'' पर प्रकाश डाला । भारतीय सनातन धर्म, विभिन्न व्यक्तिगत और सामाजिक आत्मज्ञान के पहलुओं, विश्वबन्धुत्व, वैश्विक कल्याण आदि विषयों पर विचार किया गया । उद्घाटन और समापन सत्र को मिलाकर इस समारोह को कुल आठ सत्रों में विभाजित किया गया ।

समापन सत्र राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति, शैक्षिक भवन के कमरा नं 116 में 4.30 बजे मंगलवार 24.12.2013 को आयोजित किया गया था । श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति - राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रो. आलेख चन्द्र सारंगी, चिन्मय मिशन, कड़पा के अध्यक्ष श्री श्री श्री शौनक चैतन्यजी, श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय के पूर्व औप संस्थापक कुलपति प्रो. एस. सुदर्शन शर्मा, क्रमशः सम्मान मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि एवं अतिथि के रूप में विराजमान थे । प्रो. हरेकृष्ण शतपथी समारोह की अध्यक्षता की और डा. सत्यनारायण आचार्य समारोह के संयोजक थे ।

ई. अंग्रेजी और संस्कृत के कथा साहित्य पर राष्ट्रीय संगोष्ठी -

अंग्रेजी और संस्कृत के कथा साहित्य पर द्वि दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 3 और 4 सितंबर 2013 को राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति के अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित किया गया था । इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न भागों से लगभग 50 विद्वानों ने भाग लिया ।

3 सितंबर 2013, सुबह 10.00 बजे को संबलपुर विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर प्रो. ए.सी. शुक्ला (अंग्रेजी और तुलनात्मक साहित्य) के भाषण के द्वारा संगोष्ठी का उद्घाटन किया गया और उन्होंने मुख्य अतिथि का स्थान ग्रहण किया । राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के माननीय कुलपति प्रोफेसर हरेकृष्ण शतपथी की अध्यक्षता में समस्त कार्यक्रम का संचालन हुआ । संगोष्ठी का आरंभ प्रो. ए.सी. शुक्ला के मुख्य भाषण के साथ हुआ । प्रो. शुक्ला ने केवल कथा की परिभाषा और 20 वीं. और 21 वी. सदी में विभिन्न स्कूलों में प्रचलित कथा साहित्य और अरस्तू के समय और इसके बाद कथा साहित्य आदि पर प्रकाश डाला । राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के प्रभारी कुलसचिव, प्रो. राधाकान्त ठाकूर ने बाणभट्ट की कादम्बरी को प्रथम उपन्यास कहकर दर्शकों को उस ओर आकृष्ट किया । विद्यापीठ के माननीय कुलपति प्रो. हरेकृष्ण शतपथी ने संस्कृत साहित्य के साथ - साथ भारत के चारों क्षेत्रों के लिए विशेष शैलियों की विविधता में विद्यमान आख्यान के प्रकारों पर प्रकाश डाला ।

आख्यानकार 'क्या कहते हैं' यही नहीं कैसे कहते हैं आदि विषयों पर भी उन्होंने विश्लेषण किया । कार्यक्रम के पहले, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के अंग्रेजी विभाग की अध्यक्षा प्रो. वी. सुजाता ने सभा का स्वागत किया और डा. आर. दीप्ता संगोष्ठी की संयोजिका ने संगोष्ठी के उद्देश्यों पर संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया ।

उद्घाटन सत्र के बाद प्रथम आरंभिक सत्र में प्रो. वी. रंगन, अंग्रेजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं आचार्य

नागार्जुन विश्वविद्यालय, गुंटूर ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि साहित्य संबंधी सिद्धान्त किस प्रकार प्रभावित कर रहे हैं और ये हमारे लिए किस तरह आवश्यक हैं । हमारी (भारतीय) संस्कृत परंपरा को पहचानते हुए पश्चिमी पंरपरा से सामंजस्य करना । अगले वक्ता के रूप में प्रो. विश्वनाथ राव, आन्ध्र विश्वविद्यालय के पूर्व अंग्रेजी विभागाध्यक्ष ने पूर्व और पश्चिमी महाकाव्यों का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया। इन सब वक्ताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों पर विचार - विमर्श किया गया ।

दोपहर के सत्र में प्रो. टी. भारती अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर, श्री पद्मावती महिला विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में 11 लेख प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किये गये । इन 11 प्रपत्रों पर वरिष्ठ आचार्यों द्वारा विचार - विमर्श एवं सूचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किये गये हैं ।

संगोष्ठीं के दूसरे दिन अर्थात् 4 सितंबर 2013 को प्रो. जी.एस.आर. कृष्णमूर्ति, साहित्य विभाग के प्रोफेसर, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति और प्रो. वाई. सोमलता अंग्रेजी के प्रोफेसर स्नातकोत्तर केन्द्र, काकिनाडा, आन्ध्रविश्वविद्यालय की अध्यक्षता में दो समानंतर सत्र प्रपत्र पढने के लिए शुरू हुए । इन दो सत्रों में 22 प्रपत्र प्रस्तुत किये गये थे । यह प्रो. वी. रंगन की अध्यक्षता में दूसरा पूर्ण अधिवेशन के द्वारा किया गया । इस सत्र में प्रो. वी. जयसिंह, अंग्रेजी के प्रोफेसर, सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य एस.सी.एस. कालेज, पुरी ने संस्कृत फिल्म साहित्य और आदिशंकराचार्य आदि विषयों पर चर्चा की थी । प्रो. वाई. सोमलता ने लिखने की प्रक्रिया पर अपने विचारों को प्रस्तुत किया । प्रो. एस. रेवती, संस्कृत के आचार्य, मद्रास विश्वविद्यालय, चेन्नई ने वेदकाल से लेकर वर्तमान तक के विभिन्न प्रकार के संस्कृत कथाकारों पर प्रकाश डाला प्रो. जी.एस.आर. कृष्णमूर्ति ने विशाखदत्त द्वारा रचित प्रसिद्ध नाटक 'मुद्राराक्षस' पर विश्लेषण किया । दोपहर के सत्र में 11 प्रपत्र प्रस्तुत किये गये और प्रो. वी. जयसिंह इस सत्र के अध्यक्ष थे । इस सत्र के समस्त प्रपत्रों का प्रस्तुतीकरण बौद्धिक विचारों के साथ हुआ ।

संगोष्ठी का समापन सत्र 4.30 बजे प्रो. गंगाधर मिश्र, निदेशक, उच्चशिक्षा, उडीसा, मुख्य अतिथि के रूप में पधारे थे । विद्यापीठ के कुलपति प्रो. हरेकृष्ण शतपथी समारोह के अध्यक्ष थे । प्रो. मिश्र ने अपने भाषण में यह बताया कि कथा विश्लेषण में सिद्धान्तों की आवश्यकता है या नहीं । प्रो. हरेकृष्ण शतपथी ने अपने अध्यक्षीय भाषण द्वारा विद्वानों और प्रपत्र वाचकों को आकृष्ट किया और उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की थी । श्री के. बद्रीनाथ, शोधार्थी द्वारा विद्वानों, प्रपत्रवाचकों और अंग्रेजी विभाग की ओर से संगोष्ठी में जितने भी शामिल थे, उन सभी को धन्यवाद समर्पित किया गया ।

उ. ''अखिल भारतीय संस्कृत महिला विदूषियों की सम्मेलन - राष्ट्र के निर्माण में संस्कृत महिला विदूषियों की भूमिका'' 07.03.2014 और 08.03.2014 :-

सम्मेलन के उद्देश्य :

संस्कृत साहित्य, वेद, वेदांग, धर्मशास्त्र, सृति, पुराण, महाकाव्य, खंडकाव्य, गद्यकाव्य, रूपक इत्यादि से ओतप्रोत है । महिलाओं को ''संस्कृत साहित्य में सामाजिक नींव और हमारी संस्कृति के संरक्षक के रूप में चित्रित किया गया है । वेदों में भी अपाल, गर्गी के रूप में महिलाओं को महत्त्वपूर्ण स्थान मिलता है । समाज में भी उनको उच्च स्थान मिलता है । धर्मशास्त्रों में भी महिलों पर प्रकाश डाला गया तथा रामायण एवं महाभारत में चित्रित सीता,

द्रौपदी और अन्य स्त्रियाँ समस्त पीढियों के लिए आदर्श और अनुकरणीय महिलाओं के रूप में विद्यमान है । वे सच्चाई, सहिष्णुता और शुद्धता एवं अन्य महान गुण अथवा मूल्यों के प्रतीक हैं । महाकाव्य, खंडकाव्य और नाटक भी इनके ऊपर निर्भर हैं । शकुन्तला, पार्वती, दमयंती, सुदक्षिणा आदि भी आदर्श महिलाओं में शामिल हैं ।

सामाजिक लक्ष्य के मार्ग में पुरुषों को ही नहीं महिलाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान है । संस्कृत साहित्य जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं और उनके बहु आयामी व्यक्तित्व की भूमिका पर बल देता है । ''अखिल भारतीय संस्कृत महिला विद्वानों का सम्मेलन'' के उद्देश्य है कि राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की भूमिका का निर्धारण और वे समाज को किस तरह प्रभावशाली बनाता है, उसका उजागर करना है ।

प्राचीन संस्कृत साहित्य में महिलाओं को भारतीय समाज मैं जो सम्मानित स्थान दिया गया है उस से भारतीय परंपरा को दर्शाता है । भारतीय संस्कृति में महिला को देवी, सरस्वती/ लक्ष्मी के रूप में स्वीकार किया जाता है । जहाँ पश्चिमी संस्कृति के विपरीत, महिला पूजा के साथ व्यवहार और हमारी परंपरा के अनुसार समस्थ शक्तियों के साथ संपन्न होती है । इस प्रकार यह सम्मेलन का विषय समकालीन समय के लिए प्रासंगिक विषय धारण करने के लिए उपयुक्त था ।

राष्ट्र के निर्माण में महिला संस्कृत विद्वानों की भूमिका :

उद्घाटन :

07.03.2014 को आयोजित स्ममेलन का उद्घाटन समारोह प्रो. पी. गीरवाणी, पूर्व कुलपति, श्री पद्मावती महिला विश्वविद्यालय, तिरुपति द्वारा उद्घाटित किया गया । श्रीमती डा. जयन्ती मनोहर, वैदिक साहित्य में प्रसिद्ध विद्वान, अमृतवाहिनी के प्रबन्ध न्यासी (ट्रस्टी) ने सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया । डा. जयंती मनोहर ने वेदों में कही गयी गर्गी, अत्रि महिलाओं के माध्यम से संस्कृत साहित्य में महिला विद्वानों की भूमिका और उसके द्वारा राष्ट के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और प्रो. हरेकृष्ण शतपथी जी की अध्यक्षता में समस्त कार्यक्रम का संचालन हुआ ।

03.03.2014 को समापन सत्र का आयोजन किया गया । प्रो. ललिता राणी, साहित्य विभाग के प्रोफेसर और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के समन्वयक, विशेष सहायता कार्यक्रम सम्मेलन के संयोजिका के रूप में थी और उनके प्रयासों द्वारा सफलता के लिए प्रयास किया गया ।

II. पाठ्यसहगामी गतिविधियाँ

(अ) वाग्वर्धिनी परिषद्

वाग्वधिनी परिषद् विद्यापीठ का एक पाठ्य सहगामी गतिविधि है जो छात्रो को संगोष्ठियाँ, प्रश्नोत्तरी, भाषण आदि मे भाग लेने की अनुमति देता है। शैक्षिक सत्र 2013-14, विद्यापीठ परिसर के इंडोर स्टेडियम मे 24-07-2013 शाम 4.00 बजे सफलतापूर्वक उद्घाटन किया गया। प्रो.एच.के.शतपथी, कुलपति, मुख्य अतिथि और प्रो राधाकांत ठाकुर, शैक्षिकशंकाय प्रमुख, अध्यक्ष थे। डाँ.सी.रंगनाथन और डाँ. भरत भूषणरथ परिषद के समन्वयक और सह-समन्वयक तै, जिन्होंने संयुक्त रूप से समारोह का संयोजन किया था।

इस साल वाग्वर्धिनी परिषद् ने 15 साप्ताहिक प्रतियोगिता सत्रों का आयोजन सफलतापूर्वक किया और छात्रों मे संस्कृत बोलने की क्षमता को विकसित करने केलिए विशेष टिप्स बताये गए।

विद्यापीठ के छात्रों ने पूरे भारत में 10 विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कार और पदक प्राप्त किए।

विद्यापीठ के छात्रों ने निम्नलिखित प्रतियोगिता ओ मे भागलिया -

1. अखिल भारतीय प्रतियोगिता, लालबहादुर शास्त्री विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के श्लोकन्त्याक्षरी मे तृतीय पुरस्कार।
2. इस्काँन, तिरुपति, जिल स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थाना।
3. पुरी, उडीसा के जय उत्सव मे तृतीय स्थान।
4. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान की राज् स्तरीय प्रतियोगिता तिरुपति मे प्रथम स्थान।
5. कलिदास समारोह, विक्रमविश्वविद्यालय, उज्जैन में प्रथम स्थाना।
6. श्री वेंकटेश्वर वैदिक विस्वविद्यालय, युवामहोत्सव, तिरुपति मे द्वितीय स्थान।
7. शास्त्रार्थसभा, त्रिपुनान्तर, केरल में द्वितीय स्थान।
8. वर्धा शिक्षा मंडल प्रतियोगिता में भाग लिया।
9. व्यास वारणासी महात्सव मे, प्रथम स्थान।
10. भोपाल परिसर के राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, अखिल भारतीय शास्त्रार्थ स्पर्धा मे छठा स्थान।

आयोजित कार्यक्रम-

वाग्वर्धिनी परिषद् ने राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के 52 आखिल भारतीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का

आयोजन 15 तथा 16 दिसंबर 2013 को आयोजित किया था। पूरे साहस के साथ 8 वी अखिल भारतीय संस्कृत छात्र प्रतिभा महोत्सव का आयोजन 22 से 25 जनवरी, 2014 किया गया था। विद्यापीठ की वार्षिक साहित्यिक प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया था।

52 वे अखिल भारतीय राज्य स्तरीय छात्रों के शास्त्र भाषण प्रतियोगिता -

राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति ने अपने इतिहास मे पहली बार राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के 52 वें अखिल भारतीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयो जन किया। यह सफलतापूर्वक राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति मे 15 और 16 दिसंबर 2013 को आयोजित किया गया था। आंध्र प्रदेश के विभिन्न प्रांतों के चार संस्थाओ ने इस कार्यक्रम मे भाग लिया था। विद्यापीठ के छात्रो को प्रतियोगिता ओ मे अधिक से अधिक स्थान प्राप्त हुए थे।

माननीय कुलपति प्रो.एच.के शतपथी ने पवित्र दीप प्रज्वलन कर समारोह का उद्घाटन किया। उत्होने अपने बीज भाषण शास्त्र महत्व संबंधित कौशलो तथा तकनीको पर जोर दिया। उन्होने छात्रो को तनीकी पहलुओ द्वारा केई शास्त्रिक विषय पर विशेष रूप से बोलने को प्रेरित किया। कुलसचिव प्रो. आर. के ठाकुर को सम्माननीय अतिथि के रूप मे आमत्रित किया गया था।

प्रो.जी.एस.आर.कृष्णमूर्ति सत्र की अध्यक्षता किया था। इस कार्यक्रम के संयोजक डाँ.सी.रंगनाथन, वाग्वर्धिनी परिषद के समन्वयक थे। धन्यवाद भाषण डाँ भरतभूषण रथ, वाग्वर्धिनी परिषद के सह समन्वयक द्वारा दिया गया। आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु के विभिन्न प्रातो से निर्णायको को आमंत्रित किया गया था। प्रतिभागी संस्थान-

1. राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति
2. एस.वी.वैदिक विश्वविद्यालय, तिरुपति
3. सुरा भारती सेवापीठ्म, कडपा
4. सुरा भारती सेवापीठ्म, मैदकूर

लगभग 35 से 40 प्रतिभागियों ने बहुत ही उत्साह के साथ इस कार्यक्रम मे भाग लिए थे। इस प्रतियोगिता मे 21 घटनाओं आयोजित की गई थी। छात्रों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति ने इस प्रतियोगिता मे 19 से अधिक पुरस्कार प्राप्त किए थे।

समापन सत्र - संस्कृत विद्वान दुनिया के चार गणमान्य व्यक्तियों के साथ मनाया गया । इन में प्रो. हरेकृष्ण शतपथी, कुलपति, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, प्रो. एस.सी. सारंगी, पूर्वकुलपति, कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक, नागपुर, सुखदेव भोई, संकाय प्रमुख, साहित्य विभाग, लालबहदुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली थे । पुरस्कार और प्रमाण पत्र विजेताओं और प्रतिभागियों के लिए प्रस्तुत किए गए ।

(आ) मैक्स मुलर क्लब

मैक्स मुलर क्लब जो अंग्रेजी विभाग के अध्यापकों के मार्गदर्शन में संस्कृत छात्रों में संगठना कौशल प्रदान करने के साथ साथ, भाषाई कौशल में सुधार लाने की एक स्वेच्छिक संगठन है । उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति करने की प्रयोजन से किया गया । शैक्षिक वर्ष 2013-14 में 8 सत्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया । क्लब का उद्घाटन दिनांक 15 नवंबर 2014, विद्यापीठ के कुलपति प्रो. हरेकृष्ण शतपथी द्वारा किया गया । उन्होंने अपने

भाषण में अंग्रेजी सीखने के फायदों के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए छात्रों को अंग्रेजी सीखने के लिए प्रोत्साहित किया ।

इस शैक्षिकवर्ष में काफी देर से क्लब का आरंभ करने पर भी बहुत ही उत्साह के साथ अगले ही दिन अपने साप्ताहिक गतिविधियों को शुरू कर दिया अर्थात 16.11.2013 'एक क्षण के लिए बोलो' गतिविधि का आयोजन की गई थी । डा. भरत भूषण रथ, सहायक प्रोफेसर, साहित्य विभाग निर्णायक के रूप में आये थे । शास्त्री तृतीय वर्ष के किरण ए. भट्ट और इमेजिन महाराणा संचालक थे ।

23 नवंबर 2013, दूसरे सत्र प्राकशास्त्री के लिए ''मेरे स्कूल के दिनों'' शास्त्री और आचार्य स्तर के लिए ''हीरो सचिन'', तथा ''विफलताओं सफलता के लिए कदम हैं'' विषयों पर भाषण प्रतियोगिता को आयोजित किया गया था । डॉ. प्रताप पोतन, अंग्रेजी के अतिथि व्याख्याता निर्णायक थे । साई संतोष और नागसत्य श्री संचालक थे ।

30 नवंबर 2013, आयोजित क्लब का तीसरा सत्र निबंध लेखन प्रतियोगिता था । प्राकशास्त्री के लिए ''पर्यावरण बचाव'', शास्त्री तथा आचार्य के लिए 'क्षेत्रीय पार्टियों की बाढ-भारत की एकता के लिए खतरा'' विषय दिए गये । अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर वी. सुजाता निर्णायिक के रूप पधारी थी । जब की शास्त्री तृतीय वर्ष की माधुरी कामेश्वरी संचालिका थी ।

क्लब द्वारा 14 दिसंबर 2013 को आयोजित चौथे सत्र के दो बहुत ही रोचक प्रतियोगिताएँ थी । प्राकशास्त्री स्तर के लिए ''कहानी सुनना'' संचार कौशल में प्रतिस्पर्धा थी । शोध छात्रा आरती शर्मा, आचार्य छात्रा वैष्णवी तथा श्रवणा राजन प्रतियोगिता के न्याय निर्णेता थे । शास्त्री तृतीय वर्ष के इमेजिन महाराणा और समिरण दास संचालक थे।

21.12.2013 को आयोजित पाँचवें सत्र एक अद्वितीय गतिविधी थी । चार्लस डिकेंस के उपन्यास पर आधारित फिल्म, बीबीसी प्रोडक्शन ''ओलिवर ट्विस्ट'' दिखाई गई । तदुपरांत प्रतिभागियों को फिल्म पर एक आलोचनात्मक टिप्पणी लिखने के लिए कहा गया । सर्वश्रेष्ठ लेख को पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया । माधुरी कामेश्वरी और दिनेश शर्मा सत्र के संचालक थे ।

क्लब का छठा सत्र, 15 फरवरी 2014 को आयोजित किया गया था । उस में निम्न लिखित प्रतियोगितायें थी । प्राकशास्त्री छात्रों के लिए शब्दावली खेल, शास्त्री और आचार्य स्तर के लिए 'आजादी के बाद भारत स्थायी रूप से कुछ हासिल भी किया है' विषय पर वादविवाद आयोजित किया गया । छात्र उत्साह के साथ प्रतिस्पर्धा में भाग लिए थे । डा. चंदूलाल, गणित के सहायक आचार्य सत्र के निर्णायक थे । साई संतोष और माधुरी कामेश्वरी संचालक थे ।

22.2.2014 आयोजित सातवाँ सत्र में सभी छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता था । कंप्यूटर विभाग के श्री वी. सेतुराम, निर्णायक थे । डी.टी.वी. सीताराम और कमेलिआ गुहा संचालक थे ।

आठवाँ सत्र, 27 फरवरी, 2014 को आशुभाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया । यह सभी स्तरों के लिए था । रामचंद्रन स्मृति और सुरेश संचालक थे । डा. कल्याण शास्त्री, सहायक आचार्य, शाब्दबोधा निर्णायक थे।

शैक्षिक वर्ष 2013-14 मैक्समुलर अंग्रेजी क्लब का समापन समारोह 18.03.2014 को आयोजित किया गया था । विद्यापीठ के कुलपति मुख्य अतिथि थे । उन्होंने विभिन्न सत्र के विजेताओं को पुरस्कारों से पुरस्कृत किया। लगभग 52 छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया था ।

(इ) तुलसीदास हिंदी परिषद

तुलसीदास हिंदी परिषद को शैक्षिक वर्ष 2013-14 के 14.09.2013 जो बहुत गौखान्वित तिथि हिंदी दिवस के दिन उद्घाटित किया गया । प्रो. कृष्ण कचंन शर्मा, अणुविभाग, स्विम्स, समारोह के मुख्य अतिथि थे । इस अवसर पर प्रो. शर्मा विशेष रूप से दक्षिण भारतीयों को हिंदी सीखने के लाभों पर सविस्तार रूप से बताया । प्रो. राधाकंत ठाकुर, विद्यापीठ तत्कालीन कुलसचिव सम्माननीय अतिथि थे । प्रो. जी.एस.आर. कृष्णमूर्ति, साहित्य विभाग तथा शैक्षिक समन्वयक ने अपने अध्यक्षीय भाषण में परिषद के उद्देश्य पर अपने विचारों को व्यक्त किया । डा. केशव मिश्र गणमान्य व्यक्तियों को समारोह में स्वगत किया। डा. लतामेंगेश, सहायक आचार्य, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ और तुलसीदास हिंदी परिषद की संयोजिका ने धन्यवाद भाषण अर्पण किया था । डा. मोहन नायुडु समारोह के संचालक थे। वर्ष 2013-14 के दौरान दिनांक 26 मार्च 2014 को समापन समारोह का आयोजन किया गया था। प्रो. एच. के. शतपथी, कुलपति, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ इस उत्सव के मुख्य अतिथि थे। प्रो. आर.के. ठाकुर, शैक्षिक संकाय प्रमुख अध्यक्ष थे। इस अवसर पर विभिन्न सत्रों के पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

(ई) अन्नमय्या साहित्य कलापरिषद

अन्नमाचार्य साहित्य कला परिषद, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ छात्रों की साक्षरता परिषदों में से एक है । यह अपने गतिविधियों को वर्ष 2011 में आरंभ किया था । अन्नमाचार्य साहित्य कलापरिषद का मुख्य उद्देश्य संस्कृत छात्रों को तेलुगु भाषा में लेखन, पठन, तथा भाषण की भाषाई कौशलों में सुधार लाना है ।

शैक्षिक वर्ष 2013-14 के दौरान प्रो. रव्वा श्रीहरि, माननीय कुलपति, द्रविड विश्वविद्यालय, कुप्पम, दीप प्रज्वलन कर 4 अक्टूबर 2013 को तेलुगु भाषा को जानने की आवश्यकता पर छात्रों में जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित किया गया था ।

प्रो. एस. सुदर्शन शर्मा, पूर्व कुलपति, श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय, तिरुपति ने इस अवसर पर

अन्नमाचार्य जी को न केवल तेलुगु के प्रथम मानवआलेखाकर हैं बल्कि शानदार कलात्मकता, भावनायें तथा विचारों को व्यक्त करने वाले के रूप में उल्लेखित किया । वे कामुक तथा भक्ति दोनों उपभेदों को बराबर संभालने में अग्रणी थे। तदुपरांत प्रो. जी.एस.आर. कृष्णमूर्ति, शैक्षिक समन्वयक तेलुगु भाषा की महानता तथा महत्वपूर्णता को छात्रों को प्रबुद्ध किया ।

साल भर में कुल मिलाकर छात्र नौ बार परिषद में एकत्र होकर भाषण, निबंध, लेखन, वादविवाद, प्रश्नोत्तरी, कविता, पठन, एक पात्राभिनय आदि प्रतियोगिताओं को विभिन्न सत्र में आयोजित किया था ।

परिषद की गतिविधियाँ 28.03.2014 कुलपति, प्रो. हरेकृष्ण शतपथी जी के अध्यक्षता में समाप्त हुई थी। उन्होंने परिषद में भाग लिए सभी छात्रों को बधाई देते हुए तेलुगु भाषा में अपने ज्ञान और दक्षता में सुधार लाने की प्रयास करने के लिए कहा । तेलुगुविभाग तथा अन्नमाचार्य कला परिषद ने आधुनिक तेलुगु भाषा के प्रसिद्ध सुधारक और कीट खोजकर्ता श्रीगिडुगु राममूर्ति पंतुलु के 150वीं जन्म दिवस समारोह का आयोजन किया था ।

(उ) सांस्कृतिक कलापरिषद

सांस्कृतिक कला परिषद् का उद्देश्य विद्यापीठ के छात्रों में सांस्कृतिक कला, ज्ञान को विकसित करना है। इस वर्ष भी स्वतन्त्रता दिवस, संस्कृत सप्ताह समारोह, गणतंत्र दिवस और अखिल भारतीय संस्कृत प्रतिभा उत्सव आदि में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। डा. आर. सदाशिव मूर्ति इस परिषद के संयोजक थे।

(ऊ) प्रयोजनमूलक संस्कृत :

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संस्थापित यह प्रयोजनमूलक संस्कृत पाठ्यक्रम नोडाल केंद्र विश्वविद्यालय में चलाया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम के केंद्र द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाता है और अलग-अलग प्रयोजनमूलक संस्कृत विषयों पर समयानुसार संगोष्ठियों का आयोजन तथा राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण ज्ञान का विकास किया जाता है । इस केंद्र में आडियो दृश्य प्रयोगालय एवं ग्रंथालय है । यह केंद्र यज्ञ एकाग्रता, वैदिक संस्कार आदि पर आडियो-विडियो प्रलेखन आदि बनाया गया है। इस केंद्र द्वारा वैज्ञानिक आवरण से प्राक्-शास्त्री एवं शास्त्री छात्रों के लिए नियमित अध्यापन चलाया जाता है । यह प्रयोजनमूलक संस्कृत इकाई में अर्चकत्वं और पौरोहित्य में प्रमाण-पत्र डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाया जाता है।

(ऋ) सेतु पाठ्यक्रम

सेतुपाठ्यक्रम एक जोडने का पाठ्यक्रम है जो छात्रों को विशेष क्षेत्र या विषय में प्रवेश को चुनने में सक्षम बनानेवाला सुंदरतम पाठठ्यक्रम है ।

विभिन्न कार्यक्रमों में भर्ती हुए विद्यापीठ के छात्रों के लिए सेतु पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया।

शैक्षिक वर्ष 2013-14 के दौरान 5.7.2013 से 13.7.2013 तक 100 से अधिक छात्र विभिन्न शास्त्र

अर्थात्, साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष्य, धर्मशास्त्र, वेदांत, विशिष्टाद्वैत वेदान्त, द्वैत वेदांत, मिमांसा, पुराण आदि के लिए आयोजित किया गया था । हमारे विद्यापीठ सम्मानित के आचार्य बाहर से भी विद्वानों ने विभिन्न विषयों पर कई व्याख्यान दिए । प्रो. पी.टी.जी.वाई. संपतकुमाराचार्युलु, न्याय विभाग के समन्वयक और डा. वी. उन्नकृष्णन नंपूतिरि, ज्योतिष्य विभाग के सहायक आचार्य, सह समन्वयक थे । समापन समारोह में प्रो. आर.के. ठाकुर, शैक्षिक संकाय प्रमुख ने छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए ।

(ए.) प्रथम कुलाधिपति प्रो. एम.एम. पट्टाभिरामशास्त्री जी की स्मृति में आयोजित व्याख्यान माला :-

विद्यापीठ के प्रथम कुलाधिपति प्रो. एम.एम. पट्टाभिरामशास्त्री, मीमांसा और साहित्य के महान विद्वान के योगदान की स्मृति में संस्था ने पट्टाभिरामशास्त्री व्याख्यान माला का आरंभ किया था । इस योजना के तहत कई प्रख्यात विद्वानों को आमंत्रित किया गया । वर्ष के दौरान पट्टाभिरामशास्त्री व्याख्यानमाला 28 नवंबर 2013 को प्रो. किशोर कुणाल, पूर्वकुलपति, कामेश्वर सिंह दरभंगा विश्वविद्यालय, दरभंगा, और प्रो. शिवजी उपाध्याय, पूर्व कुलपति, उत्तर प्रदेश के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वारणासी द्वारा दो विस्तार व्याख्यान दिये गए ।

III. पाठ्येतर गतिविधियाँ

(अ) खेलकूद प्रतियोगिता

वर्ष 2013-14 के सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश पूरा होने के बाद सभी छात्र-छात्राओं को हर रोज सुबह 6 बजे से 7:00 बजे तक प्रशिक्षण हेतु मैदान में उपस्थित रहने की सूचना दी जाती है। यह कार्यक्रम हर साल चलाया जाता है ताकि छात्र दक्षिण अंचल अंतर विश्वविद्यालय स्पर्धा और अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय स्पर्धाओं को खेलने हेतु तैयार रहे। उसके बाद मुक्त व्यायाम हेतु सभी छात्र-छात्रोओं को इंडोर सभांगण में अलग-अलग खेलों का परिचयात्मक तैयारियाँ करवायी जाती है। ताकि विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जीत हासिल करें।

इंडोर सभांगण सुबह 6:00 बजे से 8: 00 बजे तक और 3:00 बजे से 7:00 बजे तक शाम में खुला रहता है। ताकि विद्यापीठ से सभी कर्मचारी और छात्र अलग-अलग खेल उपकरणों से भरपूर फायदा उठाएं ।

खेलों में भाग लेने हेतु छात्रों को बहुविध व्यायाम शाला में जो निरन्तर व्यायाम कर अपने चित को खेलों में दोडता है उसी को अंतर विश्वविद्यालय खेलो में चुना जाता है। इसके बाद दो माह तक उन छात्रों को नापा जाता है। उसके बाद उसको वार्षिक खेलों के सम्बन्ध में चुना जाता है। जो चुने जाते है वें छात्र अखिल भारतीय और अखिल विश्वविद्यालय खेलों में खेलने योग्य होते है । उन्ही को ज्यादा तैयार भी किया जाता है ।

अखिल भारतीय दक्षिण अंचल अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता

1. दक्षिण - अंचल अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता -

दिनांक 11 से 22 दिसंबर तकर पांडिचेरी विश्वविद्यालय, पुदुचेरी में आयोजित किया गया । 14 सदस्यों का एक दल प्रतिस्पर्धा में भाग लिया था । (1) के. मल्लिकार्जुन राव (पीएच.डी) (2) अनिल कुमार दास (एम.फिल) (3) अजित कुमार साहु (आ-2) (4) अजित कुमार (आ-2) (5) सरोज कुमार पाटिल (आ-2) (6) अद्दुनूरी राकेश (अ-2) (7) साईकम ओबय्या (आ-1) (8) रागिपाटि श्रीकांत भाषा (शा-3) (9) करय दुर्गा प्रसाद (शा-3) (10) श्रीकांत जेना (शा-3) (11) दीक्षित कुमार गौडा (शा-1) (12) कोय्यगुरु रेड्डेय्य रेड्डी (बीएससी-1) (13) प्रत्युष कुमार गड्त्य (शा-1) (14) प्रभात कुमार पण्डा (शा-1) - प्रतिभागी थे । शारीरिक शिक्षा विभाग के डा. सी. गिरिकुमार प्रबंधक थे और बी. रविकुमार दल की सहाय थे ।

2. दक्षिण अंचल अंतर विश्वविद्यालय कब्बड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता -

दिनांक 3 से 8 दिसंबर 2013 तक आचार्य नागार्जुना विश्वविद्यालय, गुंटुर, आं.प्र. में आयोजित किया गया था । 10 छात्रों के एक दल ने भाग लिया था -

(1) कृष्णानंद दन्नाना (आ-2) (2) मामिललपल्लि राजेश (आ-2) (3) टि. रामगंगिरेड्डी (शा-3) (4) के. स्वमी - (शा-3) (5) वी. सुरेश (शा-3) (6) डी. काशीविश्वनाथ (शा-3) (7) पी. कृष्ण (शा-2) (8) बी. गणपति (शा-2) (9) नल्लगण्डि स्वामी (शा-2) (10) ओ. साम्बशिव राव (शा-1) - प्रतिभागी थे । डा. सी. गिरिकुमार ने दल को निर्देशित किया ।

3. दक्षिण-अंचल अंतर विश्वविद्यालय खो-खो (पुरुष) प्रतियोगिता -

दिनांक 3 से 8 दिसंबर 2013 तक आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय, गुंटुर, (आंध्रप्रदेश) में आयोजित किया गया । इस प्रतियोगिता में 12 छात्रों का एक दल भाग लिया था ।

(1) एस.वी. विजयकुमार (आ-2) (2) सुरेश आलुरी (शा-3) (3 वी. सुरेश (शा-3) (4) वी. रामकृष्ण (शा-3) (5) गोलि हरीश (बीएससी-3) (6) एस. शिवनागिरेड्डी (बीएससी-3) (7) एस. राम तिरुमल रेड्डी (बीएससी-3) (8) के. राजेश (बीएससी-2) (9) एम. प्रशांत (शा-2) (10) बी. गणपति (शा-2) (11) अक्काल वेंकट पवनकुमार (शा-1) (12) योगेश त्रिवेदी - प्रतिभागी थे । उपरोक्त सभी प्रतियोगिताओं में छात्रों का मार्गदर्शन शिक्षा विभाग के पीटी.आई. डॉ. सी. गिरिकुमार ने किया ।

4. दक्षिण-अंचल अंतर विश्वविद्यालय वालीबाल (पुरुष) प्रतियोगिता -

2013-14 - दिनांक 6 से 10 फरवरी 2014, श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय तिरुपति में आयोगित किया गया। कग्गा नागराजु - आ-2, अशुतोष मोहंती - आ-2, सुशांत कुमार जेना - आ2, दिलीप कुमार आचार्य - आ-1, प्रलय दास - आ-1, बत्तुल श्रीनिवास राव - आ-1, पोन्नेन कृष्ण - शा2, बी. गणपति - शा-2, सौरव मण्डल - एम.फिल, प्रतिभागी थे ।

5. अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय बाल बैडमिण्टन (पुरुष) प्रतियोगिता -

दिनांक 19 से 24 दिसंबर 2013 तक अलगप्पा विश्वविद्यालय, काराईकुडि में आयोजित किया गया था । वी. पवनकुमार शमा - शा-3, डी.टी. वेंकटसीताराम शा-3, के. ब्रह्मय्या, शा-3, डी.के. विश्वनाथ - शा-2, पी.साईकुमार - शा-1, दुर्गा श्रीनिवास राव - शा1, के. बद्रीनाथ (पीएच.डी) - प्रतिभागी थे ।

6. अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय एथलटिक प्रतियोगिता (पुरुष और स्त्री)

दिनांक 19 से 30 दिसंबर 2013 तक पंजाब विश्वविद्यालय, पटियाला में आयोजित किया गया । विद्यापीठ से 7 छात्रों का एक दल भाग लिया था ।

डा. सी. गिरिकुमार, प्रबंधक तथा वी. सेतुरामा छात्रों के साथ थे ।

वार्षिक दिवस समारोह (2013-14)

वार्षिक दिवस और छात्रावास दिवस समारोह के अवसर पर शारीरिक शिक्षा-विभाग द्वारा शैक्षिक वर्ष 2013-14 विद्यापीठ के छात्रों और कर्मचारियों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। छात्रावास के छात्रों तथा खेल प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को दिनांक 6 मार्च, 2014 को आयोजित वार्षिक और छात्रावास दिवस पर पुरस्कार, प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया था ।

विभिन्न श्रेणियों के खेलविजेताओं को विशेष रूप से आमंत्रित अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण करवाया गया । चैम्पियनस को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया था । छात्रों में - सी. निखिल, छात्राओं में - उपासना शमा और कर्मचारियों (पुरुषों) में वी. सेतुराम, कर्मचारियों (स्त्री में - डा. जी. ज्योति चैम्पियनशिप पाये थे ।

(आ) स्कौट्स और गैड्स -

शिक्षा विभाग ने शिक्षा शास्त्री(बी.एड.) के छात्रों को शिक्षक अनुशिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत नियमित रूप से स्कौट्स और गैड्स को चलाते हैं। हर साल इस प्रशिक्षण के द्वारा छात्रों को प्रथम चिकित्सा अध्यापन अनुभव प्राप्त करवाते हैं। और साल में एक बार उन्हे स्काउट्स मास्टर और गैट्स मास्टर 10 दिनों तक अध्यापन के अलावा पाठ्यचर्या दिलाते हैं ।

(इ) राष्ट्रिय सेवा योजना -

राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक- डॉ.एस.दक्षिणामूर्ति शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी, डॉ.जे.बी.चक्रवर्ती, डॉ.परामिता पण्डा, डॉ.ए. सच्चिदानंद मूर्ति और डॉ. सी. गिरिकुमार । स्वयं सेवी प्रतिनिधि - के. नागराजु, टी. गोपी, पी. रमेश, बी. योगेश और एस. गोडलक्ष्मी, स्वयं सेवको की संख्या 250 विशेष शिबिर के लिए ।

विद्यापीठ रा.से.यो.का उद्देश्य में निस्वार्थ सेवा मनोभावों का निर्माण करना है। विद्यापीठ में पाँच रा.से.यो.इकाइयाँ है। चार लडको के लिए एक इकाई लडकियों के लिए । रा.से.यो. कार्यक्रम वर्ष 2013-14 के लिए विद्यापीठ छात्रों के नामांकन के साथ शुरु किया गया। सभी रा.से.यो.इकाईयों द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रत्येक इकाई में 100 स्वयं सेवको को वर्ष 2013-14 के लिए रा.से.यो.के अंतर्गत दर्ज किया गया। इस प्रकार विद्यापीठ ने रा.से.यो. के पाँच इकाईयों में 500 स्वयं सेवको को एकत्रित किया ।

उद्देश्य - विद्यापीठ रा.से.यो.इकाइयाँ अपने सेवाओं से समाज के कई लोगों के जीवन में बदलाव लाने को प्रेरित करता हैं।

रा.से.यो. कार्यक्रम-विशेष शिबिर -

विद्यापीठ के सभी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों ने एक प्रकार से जादू सा बदलाव लाना चाहता है । रा.से.यो. एक ऐसा मंच है जो समाज की सेवा करता है। और कई चेहरों पर मुस्कान ला दें । समाज के लिए एक प्रकार सा त्यौहार सा निर्माण करना चाहते हैं। जहाँ पर अपनी चालाकियों को उजागर कर सकें । यह कोई आसान काम नहीं है फिर भी आगामी वर्षों के लिए विरासत में काम आ सकें ।

इकाई सं	कार्यक्रम अधिकारी	विशेष शिबिर जिन गाँवों को अपनाया	स्वयं सेवकों की संख्या
1.	डॉ.एस.दक्षिणामूर्ति शर्मा	चित्तूर	50
2.	डॉ. परामिता पण्डा	एन.आर. कम्मपल्लि	50
3.	डॉ.जे.बी.चक्रवर्ती	गोल्लपल्ली	50
4.	डॉ. ए. सच्चिदानंद मूर्ति	कोत्त कंड्रिगा	50
5.	डॉ. सी. गिरिकुमार	रामानायुडु कंड्रिग	50

सामाजिक तथा आर्थिक प्रतिकूल स्थितियों को दृष्टि में रखते हुए विद्यापीठ रा.से.यो.इकाइयों ने चित्तूर जिला के उपरोक्त पिछडे गाँवों में जागरुकता लाने हेतु चुना था। रा.से.यो.लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में स्वयंसेवको ने 7 दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया । पहले तीन विशेष शिबिर दिनांक 14 से 20 दिसम्बर तक चलाया गया। अगले दो इकाइयाँ अर्थात् 4 और 5 वीं इकाइयाँ दिनांक 28 फरवरी, 2013 से 6 मार्च 2013 तक विशेष शिबिर चलाया गया। रा.से.यो.के संयोजक और कार्यक्रम अधिकारियों के नतृत्व में शिबिरों को प्रभावपूर्ण डंग से आयोजित किया था । निम्न योजनाओं द्वारा चुने हुए गाँवों में विकास लाया ।

सर्वे - रा.से.यो. के संयोजनाधिकारी के आदेशानुसार सभी छात्र सदस्यों को गाँव में घूमकर मुफ्त सर्वे किया गया। एक-एक घर जाकर उनको सरदार द्वारा प्राप्त सुविधाएँ, शिक्षा व्यवस्था, गैर सरकारी सुविधा आदि की जानकारि और आरोग्य संबधि जानकारी भी ली गई थी। उसके बाद हम अपनी ओर से कुछ बदलाव लाने हेतु नए विचार प्रकट करते हैं। यह सुनकर गाँव का सरपंच और विद्यालय मुख्याध्यापक सभी काफी प्रभावित हुए थे ।

श्रमदान - स्कूल और गाँव के चारों तरफ साफ सफाई की। खेल मैदान साफ कर उसका एक आकार भी दिए थे । हमने अलग-अलग तरह के 25 प्रकार पौधों का रोपन किया । स्कूल के चारों ओर बीज रोपण कर काफी सुंदर बनाया। स्कूल भवन को चूने से लेपन कर सफेद बनाया। इसके लिए स्कूली बच्चों और ग्रामीण से रा.से.यो.इकाईयों के सदस्यों की काफी प्रशंसाये प्राप्त हुई थीं।

गाँववालो से नाटक - समूह के सदस्यों ने स्कूल के वातावरण पर तेलुगु भाषा में एक नाटक का आयोजन किया। उसमें महिला शिक्षा संबंधी महत्व दिया गया था । तंबाकु सेवन से होने वाली हानि, शराब लेने से होने वाली बुराई पर प्रकाश डाला। इससे गाँव वाले बहुत प्रभावित हुए। हमारे सामने गाँव वालों ने यह निर्णय लिया कि शराब और धूमपान सेवन नहीं करेंगे।

आपदा प्रबंधन -बाढ और अकाल जैसे अलग-अलग परिस्थितियों का मुकाबला करना तथा आपदाओं से जीवन को कैसे बचाया जाए, इस पर एक उपयोगी व्याख्यान दिया गया। झूठी परिस्थितियों में कर्तव्यों का बोध करवाया गया। विविध आधुनिक और जीवत तकनीकों से गाँववालों को गतिविधियों का संचालन करना सिखाया ।

साक्षारता कार्यक्रम -रा.से.यो.स्वयं सेवको ने गाँवों में घूमकर स्कूल आयु के बच्चों और उनके अभिभाषकों को एक स्थान पर एकत्रित किया। उनको बालाश्रम द्वारा होने वाली हानियाँ और शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। बच्चों के माता-पिता ने व्याख्यानों से प्रभावित होकर बच्चों को पास वाले स्कूल में भर्ती करवाया। यह एक मुश्किल काम था। लेकिन हम ने इसे आसान तरीके से पूरा किया ।

संस्कृति और जागरूकता कार्यक्रम :

इस वर्ष विद्यापीठ ने ग्रामीणों को नए विचारों से उत्तेजित की सोच से व्याख्यानों करने और भारतीय विरासत तथा संस्कृति पर नाटक जैसे पुराणों का प्रवचन, सनातन धर्म में सांप्रदायिक सद्भाव को अपनाया ।

स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों में ए.आई.डी.एस. और उसकी जटिलताओं, नियंत्रित करने के लि, इस खतरनाक प्रभावित सिंड्रोम से सावधानी से जीवन व्यतीत करने की जागरूकता का सर्वश्रेष्ठ तरीकों से प्रयास की ।

पर्यावरण जागरुकता -

* ग्रमामीणों को पर्यावरण प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और वृक्षारोपण के महत्व के बारे में बताया गया ।
* शौचालय उपयोग और उन्हे एवं घर और परिस प्रांतो को साफ सुथरे तरीके से रखने में अभ्यसिव करना ।
